पंजाब केसरी

Hansi: नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, अब दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई



हांसी (विनोद सैनी) : हिसार जिले के हांसी शहर में नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री के मामले में बड़ी अपडेट सामने आई है। 18 जून को सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज की इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. पवन चहल और पुलिस टीम ने नगर परिषद कार्यालय के पीछे चल रही अवैध फैक्ट्री पर छापा मारा था। इस दौरान भारी मात्रा में नकली घी, रसायन, खाली डिब्बे और ब्रांडेड कंपनियों के नकली रैपर जब्त किए गए थे।

इस छापेमारी के दौरान मौके से लिए गए 15 सैंपल अब लैब जांच में फेल पाए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ पहले ही हांसी पुलिस ने केस दर्ज किया है। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

Source: https://haryana.punjabkesari.in/haryana/news/hansi-fake-ghee-manufacturing-factory-busted-2195338